कक्षा – 7

पाठ – 3

शब्द विचार

प्रश्नों के उत्तर :–

प्र.1 शब्द किसे कहते हैं? उसे कितने आधारों पर विभाजित किया जा सकता है? लिखो।

उ0. दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं। इसे चार आधारों पर विभाजित किया जा सकता है –

1 उत्पत्ति या स्त्रोत के आधार पर

2 व्युत्पत्ति (रचना)के आधार पर

3 अर्थ के आधार पर

4 प्रयोग के आधार पर

प्र.2 उत्पत्ति के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ0. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद होते हैं –

1 तत्सम शब्द – हिंदी भाषा में संस्कृत के कुछ शब्द मूल रूप में ज्यों के त्यों प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं। जैसे – अग्नि, गृह।

2 तद्‌भव शब्द – जो तत्सम शब्द हिंदी भाषा में आकर कुछ परिवर्तित हो गए हैं, उन्हें तद्‌भव शब्द कहते हैं।
जैसे – आग, घर।

3 देशज शब्द – जो शब्द अपने देश की पुरानी बोलियों या भाषाओं से हिंदी में आ गए हैं, उन्हें देशज शब्द कहते हैं।
जैसे – लोटा, कटोरा।

4 विदेशज शब्द – जो शब्द विदेशी भाषाओं से हिंदी में आ गए हैं, उन्हें विदेशज शब्द कहते हैं। जैसे – अमीर, स्टेशन।

प्र.3 अर्थ के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ0. अर्थ के आधार पर शब्द के दो भेद होते हैं–

1 सार्थक शब्द – जिन शब्दों का कोई अर्थ होता है, उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं। जैसे – चाय, भोजन आदि।

Activate Windows
Go to Settings to activate Windows.

Type here to search
12:21 AM

Scanned with CamScanner

2 निरर्थक शब्द – जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं होता है, किंतु दूसरे शब्दों के साथ जुड़कर उनका अर्थ अवश्य बन जाता है, उन्हें निरर्थक शब्द कहते हैं। जैसे – वाला, भर आदि।

प्र.4 व्युत्पत्ति के आधार पर शब्दों के कितने भाग किए गए हैं? किसी एक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

उ0. व्युत्पत्ति के आधार पर शब्दों के तीन भाग किए गए हैं –

1 रूढ़ शब्द

2 यौगिक शब्द

3 योगरूढ़ शब्द

रूढ़ शब्द – जो शब्द किसी विशेष अर्थ के लिए प्रसिद्ध हो गए हैं, उन्हें रूढ़ शब्द कहते हैं। इनके सार्थक खंड नहीं किए जा सकते हैं। जैसे – मेज, घोड़ा, घर आदि।

End of document

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

Scanned with CamScanner

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

(क) शब्द किसे कहते हैं? उसे कितने आधारों पर विभाजित किया जा सकता है? लिखो।

(ख) उत्पत्ति के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

(ग) अर्थ के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

(घ) व्युत्पत्ति के आधार पर शब्दों के कितने भाग किए गए हैं? किसी एक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

2. उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(क) ______________ सार्थक वर्णों के मेल को कहते हैं। (वाक्य / शब्द) √

(ख) विलोम शब्द ______________ अर्थ बताते हैं। √(विपरीत / अनुकूल)

(ग) दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से ______________ शब्द बनते हैं। (रूढ़ / यौगिक) √

(घ) प्रयोग के आधार पर शब्द के ______________ भेद होते हैं। √(दो / चार)

(ङ) ______________ शब्दों के सार्थक खंड नहीं किए जा सकते। √(रूढ़ / योगरूढ़)

Scanned with CamScanner

3. निम्नलिखित शब्द तत्सम हैं या तद्भव, लिखो—

(क) नींद तद्भव

(ख) फाल्गुन तत्सम

(ग) निठुर तद्भव

(घ) प्रस्तर तत्सम

(ङ) अपना तद्भव

(च) उलूक तत्सम

(छ) आग तद्भव

(ज) अश्रु तत्सम

4. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ—

(क) व्युत्पत्ति के आधार पर शब्दों के कितने भेद होते हैं?

(अ) दो ☐ (ब) तीन ☑ (स) चार ☐

(ख) 'आकाश' शब्द का पर्यायवाची है—

(अ) व्योम ☑ (ब) अंक ☐ (स) अनादि ☐

(ग) समान अर्थ वाले शब्दों को कहते हैं—

(अ) पर्यायवाची ☑ (ब) एकार्थी ☐ (स) विलोम ☐

(घ) जो शब्द दो या दो से अधिक शब्दों के योग से बने होते हैं, उन्हें कहते हैं—

(अ) योगरूढ़ शब्द ☐ (ब) यौगिक शब्द ☑ (स) रूढ़ शब्द ☐

(ङ) 'आग', 'आँसू', 'घर', 'भौंरा' आदि शब्द हैं—

(अ) तत्सम शब्द ☐ (ब) तद्भव शब्द ☑ (स) देशज शब्द ☐

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

Scanned with CamScanner